मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

क्रमांक 453 /712/1(3)79 भोपाल, दिनांक 12th नवम्बर, 1979

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, म0प्र0, ग्वालियर,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश ।

विषय :- राज्य सरकारों के अधीन सेवा कर रहे उम्मीदवारों के आवेदन-पत्र संघ लोक सेवा आयोग को अग्रेषित किये जाने बावत् ।

×××

उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 18 जनवरी, 1977, के ज्ञापन डी क्रमांक 22/2722/1(3)76 में यह निर्देश दिये गये हैं कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा या चयन हेतु साक्षात्कार में बैठने के लिए राज्य सरकार के कर्मचारी अपने आवेदन-पत्र निर्धारित फार्म में सीधे आयोग को भेज सकते हैं, परन्तु उसके पश्चात् आयोग द्वारा निर्धारित किये गये प्रमाण-पत्र के फार्म नियुक्ति अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा आवश्यक प्रविष्टियाँ करके एवं हस्ताक्षर कर नियत तिथि के बाद 17 दिन के अंदर आयोग को भेज देना चाहिये ।

2- उक्त कार्यप्रणाली में भारत सरकार द्वारा जिस प्रकार संशोधन किया गया है, उसके प्रकाश में यह निर्देश दिये जाते हैं कि राज्य शासन के अधीन कार्यरत शासकीय सेवक, जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा या चयन हेतु साक्षात्कार में बैठने के इच्छुक हों, वे अपने आवेदन-पत्र निर्धारित छपे हुए फार्म पर सीधे संघ लोक सेवा आयोग को भेज सकते हैं । इसके तुरन्त पश्चात् उन्हें, उनके द्वारा जिस पद/सेवा के लिए आवेदन-पत्र भेजा गया है उसके संबंध में पूर्ण विवरण के साथ अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष को निवेदन किया जाना चाहिये कि इस संबंध में उनकी स्वीकृति संघ लोक सेवा आयोग को सीधे भेज दिया जाय । यदि नियुक्ति अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष उक्त आवेदक को इस चयन परीक्षा के लिए स्वीकृति नहीं देना चाहते हैं, तो उन्हें इसकी सूचना आयोग को आवेदन पत्र भेजने के लिये नियत की गई अंतिम तिथि के 30 दिन के भीतर अवश्य भेज देनी चाहिये, अन्यथा यदि

इस अवधि के भीतर आयोग को कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई तो आयोग द्वारा यह समझा जायगा कि नियुक्ति अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष को उस आवेदक को परीक्षा/ चयन के लिए उनके द्वारा विचार किये जाने में कोई आपत्ति नहीं है ।

3- अतः निवेदन है कि संघ लोक सेवा आयोग को शासकीय सेवकों के आवेदन अग्रेषित करने के लिए उपर्युक्त कार्यप्रणाली का अनुसरण करें ।

(एन0आर0 कृष्णन )
सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ0क्रमांक 454 /712/1(3)79 भोपाल, दिनांक 12th नवम्बर, 1979

प्रतिलिपि :- 1- रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर,
सचिव, लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश इन्दौर,
सचिव, राज्य सतर्कता आयोग, मध्यप्रदेश भोपाल,
- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -
2- राज्यपाल के सचिव,
सचिव, विधान सभा सचिवालय, मध्यप्रदेश भोपाल,
- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -
3- मुख्य मंत्री/समस्त मंत्रीगण/समस्त राज्य मंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक,
- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

(के0एन0 श्रीवास्तव )
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश ...

बन्देल/-